भारत सरकार

**भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र**

भर्ती अनुभाग-I, ट्रॉम्बे , मुंबई-85

(ऑनलाइन आवेदन जमा करने हेतु वेबसाइट: https://recruit.barc.gov.in )

"सरकार एक ऐसा कार्यबल तैयार करने हेतु प्रयासरत है जिसमें लैंगिक संतुलन प्रतिबिंबित हो और महिला अभ्यर्थी का आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता हैं।"

विज्ञापन संख्या 01/2024 (R-I)

**निम्न ऊर्जा विकिरण अनुसंधान प्रयोगशाला (एलएलआरआरएल) , भापअ केंद्र, कोल्लम, केरल में निम्नलिखित पदों पर नियुक्ति के लिए योग्य अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं** :

| | |
|---|---|
| ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने हेतु प्रारंभ तिथि और समय : | 15/07/2024 (10.00 बजे) |
| ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि और समय: | 12/08/2024 (23.59 बजे) |

| पोस्ट कोड | पद का नाम | पद की संख्या | शैक्षणिक/तकनीकी योग्यता |
|---|---|---|---|
| डीआर/01 | वैज्ञानिक सहायक /सी (ग्रुप-बी) | अनारक्षित -02 | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 60% अंकों सहित बी.एससी. (प्राणी विज्ञान / जैव रासायनिकी /सूक्ष्म जीव विज्ञान) और मानव साइटोजेनेटिक्स/ आण्विक साइटोजेनेटिक्स / सेल कल्चर तकनीक/ आण्विक प्रयोगशाला तकनीक में वर्ष 4 का अनुभव और साथ ही, जैविक अनुसंधान विधियों से भी परिचित हों।<br>जैव-सांख्यिकी का ज्ञान वांछनीय है। |
| **उपरोक्त पद बेंचमार्क अशक्तता वाले व्यक्तियों के लिए चिन्हित नहीं है ।** | | | |

**1. आयु सीमा एवं परिलब्धियाँ:**

| पोस्ट नं. | पद | वेतन मैट्रिक्स में लेवल | आरंभिक वेतन* ₹ | न्यूनतम आयु | अधिकतम आयु (आवेदन की अंतिम तिथि के अनुसार) | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| डीआर/01 | वैज्ञानिक सहायक- सी | 7 | 44900 | 18 | 30 | अभ्यर्थियों का जन्म 15/07/1994 से पहले और 14/07/2006 के बाद नहीं हुआ होना चाहिए। |

* केंद्र सरकार के नियमों के तहत यथास्वीकार्य अन्य भत्ते भी देय है।

**नोट:** केवल एस.एस.सी. अंकतालिका/जन्म प्रमाण पत्र या समकक्ष प्रमाण पत्र में उल्लिखित जन्म तिथि को ही स्वीकार किया जाएगा, इसमें परिवर्तन के लिए बाद में कोई अनुरोध स्वीकार नहीं किया जाएगा।

**ऊपरी आयु सीमा में छूट :**

| क्र.सं. | वर्ग | आयु में छूट की सीमा |
|---|---|---|
| 1. | भूतपूर्व सैनिक (ईएसएम) | सैन्य सेवा की अवधि जोड़ 3 वर्ष |
| 2. | किसी दूसरे देश से संघर्ष के दौरान अथवा किसी उपद्रवग्रस्त क्षेत्र में, फौजी कार्रवाई के दौरान अशक्त हुए और उसके परिणाम स्वरूप नौकरी से निर्मुक्त हुए रक्षा कार्मिक । | 45 वर्ष की आयु तक |
| 3. | केंद्र सरकार के नागरिक कर्मचारी जिन्होंने आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि को कम से कम 3 वर्षों की नियमित और निरंतर सेवा प्रदान की हो। यह उन पदों हेतु स्वीकार्य है जो समान पंक्ति या संबद्ध संवर्ग में हैं और जहां यह संबंध स्थापित किया जा सकता हो कि किसी विशेष पद पर पहले से प्रदान की गई सेवा पद के कर्तव्यों के कुशल निर्वहन के लिए उपयोगी होगी। | 5 वर्ष |
| 4. | विधवाएं/तलाकशुदा महिलाएं/ न्यायिक रूप से अलग हुई महिलाएं और जिन्होंने पुनर्विवाह नही किया हो। | 35 वर्ष की आयु तक |

**नोट-1**: मेधावी खिलाड़ी भारत सरकार के निर्देशों के अनुसार सीधी भर्ती पदों के लिए ऊपरी आयु सीमा में छूट के पात्र हैं (का.ज्ञा. संख्या डीओपीटी-1668767575965 दिनांक 18/11/2022) ।

**नोट-2** : आयु सीमा निर्धारित करने हेतु निर्णायक तिथि ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि अर्थात दिनांक 12/08/2024 होगी ।

**2. कार्य की प्रकृति**

प्रयोगशाला कार्य, रक्त नमूना संग्रह के लिए फ़ील्ड वर्क, स्वास्थ्य लेखापरीक्षा और विकिरण डोसिमेट्री इत्यादि ।

**3. चयन प्रक्रिया**

चयन व्यक्तिगत साक्षात्कार में प्रदर्शन के आधार पर होगा | यदि अधिक आवेदन प्राप्त होते हैं, तो अनुसंधान केंद्र के पास पात्र अभ्यर्थियों की स्क्रीनिंग परीक्षा आयोजित करके साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने वाले अभ्यर्थियों की संख्या को सीमित करने का अधिकार सुरक्षित है। अनुसंधान केंद्र का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा। स्क्रीनिंग परीक्षा/साक्षात्कार केवल मुंबई में आयोजित की जाएगी।

**4. अतिरिक्त लाभ :**

नियमों के तहत यथास्वीकार्य सामान्य वेतन और भत्तों के अतिरिक्त, परमाणु ऊर्जा विभाग के कर्मचारी निम्नलिखित के भी हकदार हैं -

- उत्साहजनक कार्य का वातावरण ।
- पऊवि मेरिट पदोन्नति योजना के अंतर्गत आने वाले तकनीकी/वैज्ञानिक उच्चत्तर ग्रेडों हेतु पदोन्नति के अवसर ।
- स्वयं और परिवार के सदस्यों के लिए स्वास्थ्य देखभाल सुविधा ।
- कार्य निष्पादन संबंधी आकर्षक प्रोत्साहन ।
- आकर्षक व्यावसायिक अद्यतन भत्ता ।
- भारत सरकार के आदेशों के अनुसार विभागीय आवास ।
- भारत सरकार के आदेशों के अनुसार स्वयं और परिवार के लिए छुट्टी यात्रा रियायत (एलटीसी)।
- भारत सरकार के आदेशों के अनुसार बाल शिक्षा भत्ते (सीईए) की प्रतिपूर्ति।

**5. आवेदन कैसे करें**

| | |
|---|---|
| 1. | केवल आवेदन ऑनलाइन ही स्वीकार किए जाएंगे। |
| 2. | ऑनलाइन आवेदन की सुविधा दिनांक 15.07.2024 से 12.08.2024 तक खुली रहेगी। |
| 3. | आवेदन ऑनलाइन जमा करने हेतु, कृपया वेबसाइट <recruit.barc.gov.in > को देखें । अभ्यर्थियों को वेबसाइट के होम पेज पर 'How to Apply' पर क्लिक करके निर्देश पढ़ने की सलाह दी जाती है। |
| 4. | अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे अंतिम तिथि से पर्याप्त पूर्व ऑनलाइन आवेदन जमा कर दें और अंतिम तिथि तक प्रतीक्षा न करें ताकि अंतिम दिनों के दौरान वेबसाइट पर अत्यधिक लोड के कारण वेबसाइट पर लॉगिन करने में असमर्थता या असफलता की संभावना से बचा जा सके। |
| 5. | अभ्यर्थी को कोई भी प्रविष्टि करने या कोई विकल्प चुनने से पहले विज्ञापन और ऑनलाइन आवेदन पत्र में दिए गए निर्देशों को ध्यान से पढ़ना चाहिए। |
| 6. | आवेदन की अंतिम तिथि को जिन अभ्यर्थियों के पास निर्धारित पात्रता संबंधी योग्यता नहीं है / प्राप्त नहीं की है, वे आवेदन न करें। इस मामले में कोई पत्राचार या स्पष्टीकरण पर विचार नहीं किया जाएगा। |
| 7. | आवेदन पत्र भरने से पूर्व, अभ्यर्थियों को अपेक्षित आवश्यक दस्तावेज/प्रमाणपत्र तैयार रखने चाहिए। अभ्यर्थी को व्यक्तिगत विवरण और आवेदित पद आदि का विवरण भरना होगा और उचित सादे पृष्ठभूमि के साथ हाल ही में लिया गया सामने की ओर चेहरे वाला पासपोर्ट आकार का फोटो अपलोड करना होगा। |
| 8. | अभ्यर्थियों के पास एक वैध ईमेल आईडी और मोबाइल नंबर होना आवश्यक है जिसे इस भर्ती के दौरान सक्रिय रखा जाना चाहिए। अभ्यर्थियों को भापअ केंद्र की वेबसाइट से प्रवेश पत्र डाउनलोड करना होगा। कोई भी पत्राचार डाक/कुरियर के माध्यम से नहीं भेजा जाएगा। |
| 9.. | ऑनलाइन मोड में आवेदन भरते समय अभ्यर्थी को यह सुनिश्चित करना होगा कि प्रिव्यू में उनका फोटो और हस्ताक्षर स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हों । |
| 10. | सबमिट बटन पर क्लिक करने से पूर्व, अभ्यर्थी को यह जांचने की सलाह दी जाती है कि भरे गए सभी विवरण सही हैं। अभ्यर्थी यह भी सुनिश्चित करें कि माध्यमिक विद्यालय प्रमाणपत्र (एसएससी) के अनुसार आवेदन पत्र में नाम, जन्मतिथि आदि सही ढंग से दर्ज किए गए हों। कोई भी गलत/त्रुटिपूर्ण सूचनाएं देने पर अभ्यर्थिता निरस्त की जा सकती है। आवेदन को अंतिम रूप से जमा करने के बाद किसी भी परिस्थिति में आवेदन पत्र में किसी भी जानकारी में परिवर्तन/सुधार के अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा। |
| 11. | ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र को जमा करने के उपरांत अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र की प्रति का प्रिंट लेने / सहेज कर रखने की आवश्यकता है तथा इसे प्रमाणपत्र सत्यापन / चयन प्रक्रिया पूर्ण होने तक सुरक्षित रखना चाहिए। |
| 12. | ऑनलाइन आवेदन अपलोड करते समय कोई कठिनाई होने पर कृपया स्क्रीन शॉट सहित अपनी शिकायत और संपर्क संख्या- niyukti1@barc.gov.in पर मेल करें । |

**आवेदन शुल्क** :

| | |
|---|---|
| 1. | आवेदन शुल्क - रु. 150/- (रूपये एक सौ पचास मात्र) (सभी पदों के लिए) |
| 2. | आवेदन शुल्क का भुगतान ऑनलाइन ही किया जाना है । |
| 3. | एससी, एसटी, पीडब्ल्यूडी एवं महिला वर्ग को आवेदन शुल्क से छूट दी गई है । |
| 4. | आवेदन के जमा करने के बाद आवेदन नंबर प्राप्त होगा । आवेदक को आवेदन पत्र प्रस्तुत करने के पश्चात आवेदन शुल्क का भुगतान करना होगा । ऑनलाइन आवेदन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तारीख या उससे पहले शुल्क का भुगतान 'नहीं' करने पर आवेदन को अपूर्ण माना जाएगा एवं इस कारण आवेदन रद्द कर दिया जाएगा । |
| 5. | शुल्क के भुगतान हेतु अभ्यर्थी को 'My Account' मेन्यू में 'Make payment' विकल्प पर क्लिक करना होगा। आवेदन प्रस्तुत करते समय निर्मित आवेदन संख्या को ड्रॉप डाउन बॉक्स से चुना जा सकता है तथा 'Submit' बटन दबाकर अभ्यर्थी, ऑनलाइन भुगतान करने हेतु अगले पृष्ठ पर जा सकते हैं। |
| 6. | आवेदन शुल्क के भुगतान हेतु विस्तृत दिशा-निर्देश "Job Application→How to Pay App. Fee" मेन्यू के अंतर्गत दिये गये हैं। |
| 7. | एक बार भुगतान किए गए शुल्क को किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं किया जाएगा और किसी अन्य भर्ती हेतु इसे बचाये नही रखा जा सकता है । |
| 8. | ऑनलाइन आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि पर या उससे पहले आवेदन शुल्क का भुगतान कर दिया जाना चाहिये । |

**6. प्रमाणपत्रों की प्रतियां :**

अभ्यर्थियों को साक्षात्कार से पहले दस्तावेज़ सत्यापन के समय ऑनलाइन आवेदन की एक प्रति के साथ सभी प्रासंगिक निम्नलिखित प्रमाणपत्र मूल स्वरूप में प्रस्तुत करने और प्रमाणपत्रों की सत्यापित प्रतियां जमा करनी होगी। अभ्यर्थी आवश्यक प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के लिए पूरी तरह से जिम्मेदार होंगे, ऐसा न करने पर उनकी अभ्यर्थिता को तुरंत अस्वीकृत कर दिया जाएगा। अभ्यर्थी यह भी नोट करें कि उनकी अभ्यर्थिता नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा दस्तावेजों की यथातथ्यता के सत्यापन तक अनंतिम रहेगी।

| | |
|---|---|
| 1 | शैक्षणिक योग्यताएँ, अनुभव (यथा लागू) एवं तकनीकी योग्यताएँ (परीक्षा में लिए गए विषयों को दिखाने वाले संबंधित मार्कशीटों* द्वारा समर्थित)। (* सेमीस्टर/वर्ष वार मार्कशीट और समेकित मार्कशीट) |
| 2 | एकीकृत पाठ्यक्रम प्रमाणपत्र रखने वाले अभ्यर्थियों को विज्ञापन में उल्लिखित अलग अलग डिग्री प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने में सक्षम होना चाहिए। |
| 3 | जन्म तिथि /आयु का प्रमाण। |
| 4 | अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति प्रमाण पत्र प्राधिकृत प्राधिकारी द्वारा निर्धारित प्रारूप में जारी किया हुआ होना चाहिए और वह जाति/समुदाय संबंधित राज्य के लिए जारी राष्ट्रपति के आदेश में शामिल किया गया हो। (* अनुलग्नक-1 में दिए गए प्रारूप के अनुसार ) (शुल्क छूट के मामले में और यात्रा भत्ते की प्रतिपूर्ति के लिए लागू) |
| 5 | अन्य पिछड़ा वर्ग अभ्यर्थी का जाति प्रमाण पत्र प्राधिकृत प्राधिकारी द्वारा निर्धारित प्रारूप में गैर-क्रीमी लेयर प्रमाण पत्र के साथ जारी किया हुआ होना चाहिए और वह जाति/ समुदाय अन्य पिछड़ी जाति की केंद्रीय सूची में शामिल किया गया हो। अन्य पिछड़ा वर्ग नॉन-क्रीमी लेयर प्रमाणपत्र निर्धारित करने की निर्णायक तिथि विज्ञापन के ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि अर्थात दिनांक 12.08.2024 होगी। अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को *अनुलग्नक -2 में दिये गये प्रपत्र के अनुसार नॉन क्रीमी लेयर की स्थिति दर्शाने वाली स्व-घोषणा भी संलग्न करनी चाहिए ।<br><br>आयु में छूट और आरक्षण के प्रयोजन हेतु अन्य पिछड़ा वर्ग अर्थ होगा "अन्य पिछड़े वर्ग के वो व्यक्ति जो क्रीमी लेयर से संबंधित नहीं हैं" जिसका वर्णन भारत सरकार के कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के दिनांक 08.09.93 के कार्यालय ज्ञापन संख्या 36012/22/93 स्थापना (एससीटी) में परिभाषित किया गया है और भारत सरकार के कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के दिनांक 09.03.2004 और 14.10.2008 के कार्यालय ज्ञापन संख्या 36033/3/2004 स्थापना (आरईएस) द्वारा संशोधित है तथा दिनांक 27.05.2013 के कार्यालय ज्ञापन सं.360331/1/2013-स्था.(आरईएस) (*अनुलग्नक-3 में दिए गए प्रारूप के अनुसार) और भारत सरकार के कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग द्वारा दिनांक 13/09/2017 के कार्यालय ज्ञापन सं 36033/1/2013-स्था (आरईएस) द्वारा किए गए नवीन परिवर्तनों के अनुसार है। |
| 6 | महाराष्ट्र राज्य के एससी/एसटी/अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणियों के अभ्यर्थियों को महाराष्ट्र अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, विमुक्त जाति, घुमंतू जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और विशेष पिछड़ा वर्ग के अनुसार जांच समिति से वैधता प्रमाण पत्र जमा करना होगा। जाति प्रमाण पत्र जारी करने और सत्यापन का विनियमन जाति अधिनियम, 2000 जो दि. 23 मई 2001 को महाराष्ट्र सरकार के राजपत्र में प्रकाशित हुआ है । |
| 7. | कोई अन्य प्रासंगिक प्रमाणपत्र (यथा लागू)। |

| | | |
|---|---|---|
| https://recruit.barc.gov.in/Job Application/Download Forms **लिंक के जरिए अनुलग्नकों को डाउनलोड किया जा सकते है ।** | | |
| **नोट :** | i. यदि विश्वविद्यालय लेटर ग्रेड/सीजीपीए/ओजीपीए/एसजीपीए प्रदान करते हैं तो उसे उस विश्वविद्यालय द्वारा अपनाए गए मानदंडों के अनुसार अंकों के समकक्ष प्रतिशत के रूप में इंगित करना होगा। इसके अभाव में स्क्रीनिंग टेस्ट/साक्षात्कार के लिए अभ्यर्थिता पर विचार नहीं किया जाएगा।<br>ii. जिन अभ्यर्थियों ने विज्ञापन के आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि अर्थात दिनांक 12/08/2024 तक शैक्षिक योग्यता हासिल नहीं की है/नहीं हासिल करेंगे , वे पात्र नहीं होंगे और उन्हें आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है।<br>**(मार्कशीट/डिग्री प्रमाणपत्र पर दी गयी तारीख विज्ञापन के आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि यानी 12/08/2024 से पहले की होनी चाहिए। )** | |
| **चेतावनी** : | जो आवेदन आवश्यकताओं के अनुरूप नहीं होंगे, उन्हें अस्वीकृत कर दिया जाएगा। स्क्रीनिंग टेस्ट/ साक्षात्कार के लिए अचयनित अभ्यर्थियों के साथ कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा । | |

**7. सामान्य शर्तें:**

| | |
|---|---|
| 1. | पैनल की वैधता पैनल तैयार होने की तिथि से एक वर्ष तक होगी। प्रतीक्षा सूची में शामिल अभ्यर्थियों को केवल उस स्थिति में ही नियुक्ति का प्रस्ताव दिया जाएगा, यदि चयन सूची में शामिल अभ्यर्थी कार्यग्रहण नहीं करता हो । |
| 2. | चयनीत अभ्यर्थियों द्वारा किए जाने वाले कार्यों की प्रकृति में शिफ्ट ड्यूटी में काम करना सम्मिलित है। |
| 3. | चयनित अभ्यर्थी, उनकी नियुक्ति पर राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली द्वारा शासित होंगे। |
| 4. | चयनित अभ्यर्थियों को प्रारंभ में एलएलआरआरएल, कोल्लम, केरल में तैनात किया जाएगा। उन्हें भारत में स्थित भापअ केंद्र की किसी भी इकाई या भारत के किसी भी भाग में तथा परमाणु ऊर्जा विभाग की किसी भी संघटक इकाई में तैनात किया जा सकता है। |
| 5. | अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग से संबंधित अभ्यर्थियों को आवेदन में अपनी श्रेणी को स्पष्टतः दर्शाना चाहिए (अनारक्षित रिक्ति हेतु आवेदन करने पर भी) स्क्रीनिंग परीक्षा/साक्षात्कार (यथा लागू) के समय निर्दिष्ट प्रारूप में अपनी श्रेणी का प्रमाण प्रस्तुत करना चाहिए। |
| 6. | रिक्तियां अनंतिम हैं और परिवर्तन के अधीन हैं। आवश्यकता पड़ने पर, बिना कोई नोटिस जारी किए या कोई कारण बताए भर्ती प्रक्रिया को रद्द/प्रतिबंधित/ संशोधित/बदलने का अधिकार भापअ केंद्र के पास सुरक्षित है। |
| 7. | विज्ञापन में दर्शाई गई रिक्तियां रिक्तियों सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन के अधीन है और समय-समय पर भारत सरकार द्वारा जारी आदेशों के अनुसार इन्हें नहीं भरने का निर्णय लिया जा सकता है।. |
| 8. | विज्ञापन में निर्धारित अनुभव की अवधि (यथा लागू ) सहित पात्रता मानदंड आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि अर्थात 12/08/2024 के संदर्भ में निर्धारित किया जाएगा । |
| 9. | यह सुनिश्चित किया जाए कि पत्राचार शिक्षा के माध्यम से बी. एससी. और एम. एससी. जैसे पाठ्यक्रमों का अध्यन करवाने वाले विश्वविद्यालयों/संस्थानों को दूरस्थ शिक्षा ब्यूरो (डीईबी-यूजीसी) द्वारा मान्यता प्राप्त हों और तकनीकी पाठ्यक्रमों के मामले में, इन पाठ्यक्रमों और संस्थानों से प्राप्त अर्हकता, देश में शीर्ष निकायों जैसे कि एआईसीटीई, एनसीटीई, मानव संसाधन विकास मंत्रालय आदि द्वारा मान्यता प्राप्त हो। |
| 10. | अभ्यर्थी इस विज्ञापन के अनुसार आवश्यक योग्यताओं के अतिरिक्त उनके द्वारा अर्जित अन्य शैक्षणिक योग्यता और अनुभव के बारे में सूचित करें। |
| 11. | अभ्यर्थी यह सुनिश्चित कर लें कि वे विज्ञापन पत्र में उल्लेखित पात्रता संबंधी सभी शर्तों को पूरा करते हैं और उन्होंने सही जानकारी भरी है। गलत जानकारी देने वाले अभ्यर्थियों को **स्क्रीनिंग टेस्ट**/साक्षात्कार के लिए अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा। |
| 12. | अभ्यर्थी नियमित रूप से वेबसाइट की जांच किया करें। भर्ती से संबंधित सभी जानकारी वेबसाइट पर उपलब्ध कराई जाएगी। वेबसाइट पर प्रदर्शित जानकारी को अभ्यर्थियों के लिए जारी सूचना माना जाएगा। |
| 13. | • **स्क्रीनिंग टेस्ट/ साक्षात्कार के लिए** बुलाए गए अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति अभ्यर्थियों को नियमों के अनुसार लघुतम मार्ग से शयनयान श्रेणी/द्वितीय श्रेणी रेलवे किराया का यात्रा भत्ता का भुगतान किया जाएगा, बशर्ते कि पहले 30 किलोमीटर (रेल या सड़क) का किराया अभ्यर्थियों द्वारा वहन किया जाएगा। हालाँकि, यात्रा भत्ता उन अभ्यर्थियों के लिए स्वीकार्य नहीं है जो पहले से ही केंद्र/राज्य सरकार सेवाओं, केंद्र/राज्य सरकार निगम, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, स्थानीय सरकारी संस्थानों और पंचायतों में हैं और रेलवे से रियायत प्राप्त कर रहे हैं, यदि कोई हो।<br>• यात्रा भत्ता प्रपत्र <recruit.barc.gov.in**>**/Job Application/ Download Forms/TA claim form से डाउनलोड करें।<br>• टी. ए. प्रतिपूर्ति अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति जाति प्रमाण पत्र और टिकट/ई-टिकट की स्वप्रमाणित प्रति के प्रस्तुत करने के अधीन होगी। |
| 14. | अभ्यर्थियों को स्क्रीनिंग टेस्ट/साक्षात्कार (जैसा भी लागू हो) हिंदी या अंग्रेजी में प्रश्नों के उत्तर देने का विकल्प दिया जाएगा। |
| 15. | अभ्यर्थी लिखित परीक्षा/साक्षात्कार (जैसा भी लागू हो) के लिए 2 से 3 दिनों के लिए मुंबई में ठहरने के लिए तैयारी के साथ आएं। |
| 16. | केंद्र/राज्य सरकार/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में काम करने वाले व्यक्तियों को **स्क्रीनिंग टेस्ट/साक्षात्कार के** समय नियोक्ता से '**अनापत्ति प्रमाणपत्र' जमा करना होगा। यदि अभ्यर्थी स्क्रीनिंग टेस्ट**/साक्षात्कार के समय, '**अनापत्ति प्रमाणपत्र' प्रस्तुत** करने में विफल रहते हैं तो उन्हें स्क्रीनिंग टेस्ट/साक्षात्कार में उपस्थित होने की अनुमति नहीं दी जाएगी। |
| 17. | भूतपूर्व सैनिक जिन्होंने अपने पुन: रोजगार के लिए पूर्व सैनिकों को दिए जाने वाले आरक्षण का लाभ लेने के बाद नियमित आधार पर केंद्र सरकार के तहत सिविल पद में रोजगार हासिल कर लिया है, वे भूतपूर्व सैनिक श्रेणी के तहत आरक्षण के लाभ का दावा करने के लिए पात्र नहीं हैं। |
| 18. | चयनित नहीं किए गए अभ्यर्थियों के अभिलेखों को चयनित सूची के प्रकाशन की तारीख से 6 महीने से अधिक समय तक संरक्षित नहीं किया जाएगा। |

- अभ्यर्थियों से निवेदन किया जाता है कि वे नियमित रूप से हमारी वेबसाइट देखें । यह ध्यान में लाया जाता है कि कुछ अनैतिक व्यक्तियों द्वारा पऊवि/भापअ केंद्र के नाम/लोगो को नकली रूप से प्रस्तुत करते हुए छलपूर्ण विज्ञापन तथा नौकरी के प्रस्ताव दिये जाने की संभावना है और नौकरी दिलवाने के झूठे वचन देते हुए धोखा देने का प्रयास किया जा सकता है। ये व्यक्ति नौकरी का प्रस्ताव देते हुए संवेदनशील व्यक्तिगत/वित्तीय जानकारी एवं भुगतान की मांग करते हैं। आवेदकों का ध्यान कुछ ऐसे कपटी व्यक्तियों की ओर भी आकर्षित किया जाता है जो अवैध मोबाइल नंबरों/फर्जी ई-मेल/एसएमएस/सोशल प्लेटफार्म/व्हाट्सअप पर लिंक/फर्जी वेबसाइटों आदि के माध्यम से नौकरी चाहने वालों से संपर्क करते हैं और पऊवि/भापअ केंद्र में नौकरी के अवसरों का प्रस्ताव देते हैं तथा रिफंडेबल सुरक्षा जमा अथवा अन्य शुल्क के माध्यम से कुछ नकली एवं अवैध बैंक खातों में पैसा जमा करने की मांग करते हैं। पऊवि/भापअकें, नौकरी के प्रस्ताव हेतु आवेदन शुल्क के अतिरिक्त किसी भी रूप या पद्धति में किसी भी व्यक्ति से प्रतिदेय अथवा अप्रतिदेय किसी भी आधार पर कोई भुगतान नहीं मांगता है। यह सूचित किया जाता है कि पऊवि/भापअकें में सभी रिक्तियों एवं भर्ती सूचना भापअ केंद्र की वेबसाइट पर, रोज़गार समाचार एवं प्रमुख समाचार पत्रों में अधिसूचित की जाती हैं। पऊवि/भापअकें रिक्तियों हेतु आवेदन करने का लिंक केवल भापअकें की आधिकारिक वेबसाइट www.barc.gov.in पर उपलब्ध है, किसी अन्य वेबसाइट पर नहीं। केवल ऑनलाइन आवेदन की अंतिम प्रस्तुति के समय आवेदन शुल्क देय है तथा भर्ती के किसी भी चरण में कोई अन्य भुगतान नहीं मांगा जाता है। इस सूचना के माध्यम से सभी नौकरी आकांक्षी अभ्यर्थियों के संज्ञान में यह बात लायी जाती है कि वे सावधानी बरतें तथा ऐसे झूठे विज्ञापनों से गुमराह न हों। पऊवि/भापअ केंद्र में भर्ती प्रक्रिया पूर्णत: कंप्यूटरीकृत है तथा विशुद्ध रूप से योग्यता पर आधारित है । अद्यतन जानकारी/अपडेट अथवा इस भर्ती प्रक्रिया से संबंधित किसी अन्य गतिविधि हेतु कृपया नियमित रूप से हमारी वेबसाइट देखें। पऊवि/भापअ केंद्र की ओर से इस बात की पुरज़ोर सिफारिश की जाती है कि संभावित नौकरी आकांक्षी अभ्यर्थी ऐसे लोभपूर्ण अनुरोध का उत्तर न दें क्योंकि पऊवि/भापअ केंद्र कपटी व्यक्तियों अथवा भर्ती एजेंसियों के साथ पत्राचार के माध्यम से प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से होने वाली किसी भी हानि या क्षति के लिए कोई उत्तरदायित्व स्वीकार नहीं करेगा। यदि ऐसी कोई छलपूर्ण घटना या धोखाधड़ी आपकी नज़र में आती है, तो कृपया तत्काल ही उचित सरकारी प्राधिकारियों को सूचित करें।

**8. <u>क्षेत्राधिकार:</u>**

- इस अधिसूचना से उत्पन्न कोई भी कानूनी विवाद केवल मुंबई क्षेत्राधिकार के अधीन है और किसी भी विवाद की स्थिति में, भापअ केंद्र की वेबसाइट पर उपलब्ध विस्तृत विज्ञापन के अंग्रेजी संस्करण को संदर्भित किया जाएगा।

**9. <u>चेतावनी:</u>**

(i) विज्ञापन में निर्धारित आवश्यकताओं को पूरा करने मात्र से ही अभ्यर्थी स्क्रीनिंग टेस्ट/साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने के योग्य नहीं हो जाते है। कृपया ध्यान दें कि चयनित नहीं किए गए अभ्यर्थियों के साथ कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा।

(ii) अभ्यर्थियों द्वारा उनके ऑनलाइन आवेदन में प्रदान की गई जानकारी के आधार पर स्क्रीनिंग टेस्ट/साक्षात्कार के लिए शार्टलिस्ट किया जाएगा। उन्हें यह सुनिश्चित करना होगा कि ऐसी जानकारी सत्य है। यदि किसी भी स्तर पर या साक्षात्कार के समय, यह पाया जाता है कि उनके द्वारा दी गई जानकारी या उनके ऑनलाइन आवेदन में उनके द्वारा प्रस्तुत किया गया कोई भी दावा गलत है, तो उनकी अभ्यर्थिता रद्द की जाएगी और वे अन्य किसी यथोचित कार्रवाई के लिए भी उत्तरदायी होंगे।

*यदि कोई व्यक्ति अवैध परितोषण के माध्यम से इस विभाग में चयन/नियुक्ति के आश्वासन के साथ आपके पास आता है, तो अभ्यर्थी को ऐसे आश्वासन या शोषण का शिकार नहीं होना चाहिए और किसी भी तरह से ऐसे तत्वों का प्रोत्साहन नहीं करना चाहिए। इस बात पर जोर दिया जाता है और आश्वस्त किया जाता है कि चयन प्रक्रिया पूरी तरह से केवल योग्यता के आधार पर होगी और पारदर्शी तरीके से की जाएगी।

**<u>किसी भी प्रकार की अनुयाचना/सिफारिश को अयोग्यता माना जाएगा ।</u>**

**<u>-XXXX-</u>**